समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# 5 देशों की यात्रा पर रवाना हुए पीएम मोदी, सबसे पहले जाएंगे घाना और आखिरी पड़ाव होगा नामीबिया।

Publisher Published on 02 Jul 2025



## पीएम मोदी की ऐतिहासिक बहुराष्ट्रीय यात्रा मे घांना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया शामिल ; ब्रिक्स शिखर सम्मेलन मे भी लेगें हिस्सा।

**पीएम मोदी का 5 देशों का दौरा शुरू, घाना से नामीबिया तक व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर फोकस**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार** (2 जुलाई 2025) को **पांच देशों की महत्वपूर्ण यात्रा** पर रवाना हो गए। इस **बहुराष्ट्रीय दौरे** में पीएम मोदी **घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया** का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान वे **ब्रिक्स शिखर सम्मेलन** में भी हिस्सा लेंगे।

**दौरे की शुरुआत घाना से**
**पीएम मोदी 2 से 3 जुलाई** तक घाना की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। ये यात्रा इस मायने में ऐतिहासिक है क्योंकि तीन दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ये पहली घाना यात्रा होगी। मोदी और घाना के राष्ट्रपति के बीच **आर्थिक, ऊर्जा और रक्षा सहयोग पर चर्चा होगी**।

**त्रिनिदाद और टोबैगो : सांस्कृतिक संबंधों को मिलेगा बल**
**3 और 4 जुलाई** को पीएम मोदी **त्रिनिदाद और टोबैगो** में होंगे। **वर्ष 1999** के बाद किसी **भारतीय प्रधानमंत्री** की यह पहली यात्रा होगी। यह देश भारत के लिए **सांस्कृतिक दृष्टि** से खास है, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में **भारतीय मूल** के लोग रहते हैं, जो

19वीं सदी में भारत से गए प्रवासियों के वंशज हैं।

### अर्जेंटीना : व्यापार और रक्षा पर होगी बात

**4 और 5 जुलाई** को पीएम मोदी **अर्जेंटीना** का दौरा करेंगे। वहां वे र**क्षा, कृषि, खनन, तेल-गैस और व्यापार** जैसे प्रमुख क्षेत्रों में **द्विपक्षीय सहयोग** को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।

### ब्राजील मे होंगी ब्रिक्स बैठक

पीएम मोदी इसके बाद **ब्राजील** जाएंगे जहां वे **BRICS शिखर सम्मेलन** में भाग लेंगे। **भारत और ब्राजील** के बीच **द्विपक्षीय व्यापार** 12.20 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है और **फार्मा, ऑटोमोबाइल व ऊर्जा क्षेत्र** में सहयोग तेजी से बढ़ रहा है।

### नामीबिया दौरे से होगी यात्रा की समाप्ति

**9 जुलाई** को **पीएम मोदी** अपनी यात्रा के अंतिम चरण में **नामीबिया** पहुंचेंगे। यह दौरा **अफ्रीका मे भारत की भूमिका** को मजबूती देगा और दोनों देशों के बीच **सहयोग के नए रास्ते** खोलेगा।

### पीएम मोदी ने क्या कहा ?

यात्रा से पहले पीएम मोदी ने कहा, "भारत ब्रिक्स जैसे मंचों पर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। हम मिलकर एक शांतिपूर्ण, न्यायपूर्ण और लोकतांत्रिक वैश्विक व्यवस्था की दिशा में काम कर रहे हैं।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.